रजिस्टर्ड नं० ए० डी०--4

लाइसेन्स सं० डब्ल्यू० पी०--41

(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग--4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शनिवार, 16 जुलाई, 1983

आषाढ़ 25, 1905 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा अनुभाग-2

संख्या 1946/15-2-83-27 (46)-77

लखनऊ, 16 जुलाई, 1983

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0--58

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983

भाग-एक-सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1--(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983 कही जायगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2--उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा में समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।

रजिस्टर्ड नं० ए० डी०--4

लाइसेन्स सं० डब्ल्यू० पी०--41

(लाइसेन्स्डटू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग--4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शनिवार, 16 जुलाई, 1983

आषाढ़ 25, 1905 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा अनुभाग-2

संख्या 1946/15-2-83-27 (46)-77

लखनऊ, 16 जुलाई, 1983

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0--58

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983

भाग-एक-सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1--(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983 कही जायगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2--उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा में समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।

भाग–तीन–भर्ती

5––सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित श्रोतों से की जायगी:––

भर्ती का श्रोत

पद का नाम	आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा	उत्तर प्रदेश शिक्षा (प्रशिक्षित अभिस्नातक) सेवा के स्थायी अध्यापकों में से आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा	
		जो स्नातक हों और जिन्होंने कम-से-कम पांच वर्ष (जिसके अन्तर्गत अस्थायी सेवा भी है) की सेवा की हो	जो (पुनरभिस्थापन योजना के अधीन) अपेक्षित अर्हताएं रखने वाले प्रसार शिक्षक और हस्तशिल्प अध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हों
1	2	3	4
1––सहायक अध्यापक (सामान्य)	35 प्रतिशत	30 प्रतिशत	35 प्रतिशत
2––सहायक अध्यापक (विज्ञान)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
3––सहायक अध्यापक (कृषि) ..	35 ,,	30 ,,	35 ,,
4––सहायक अध्यापक (उद्यानकर्म)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
5––सहायक अध्यापक (भाषा)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
6––कैरियर मास्टर ..	35 ,,	30 ,,	35 ,,
7––सहायक अध्यापक (कला)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
8––सहायक अध्यापक (संगीत)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
9––सहायक अध्याक (कताई और बुनाई)	100 ,,	..	..
10––सहायक अध्यापक (शारीरिक शिक्षा)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
11––सहायक अध्यापक (काष्ठ शिल्प)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
12––सहायक अध्यापक (धातु शिल्प)	100 ,,	..	..
13––सहायक अध्यापक (प्लास्टिक शिल्प)	100 ,,	..	..
14––मुख्य अनुदेशक (शिक्षा प्रसार)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
15––प्राविधिक सहायक (राजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालय)	35 ,,	30 ,,	35 ,,
16––हस्त शिल्प अध्यापक (कार्य का अनुभव)	..	100 ,, सी0 टी0 श्रेणी के हस्त शिल्प अध्यापकों में से	..
17––सहायक कृषि अध्यापक (कार्य का अनुभव)	..	100 प्रतिशत सी0 टी0 श्रेणी के प्रसार अध्यापकों में से ।	..
18––हस्त शिल्प अध्यापक	..	100 प्रतिशत सी0 टी0 श्रेणी के हस्त शिल्प अध्यापकों में से ।	..

1	2	3	4
19--प्रसार अध्यापक ..	..	100 प्रतिशत सी० टी० श्रेणी के प्रसार अध्यापकों में से ।	..
20--हस्त शिल्प प्राविधिज्ञ ..	..	100 प्रतिशत सी० टी० श्रेणी के शिल्प अध्यापकों में से ।	..
21--प्रोफेसर (अरबी)	राजकीय ओरियन्टल कालेज, रामपुर के लिये । 100 प्रतिशत	..	..
22--प्रोफेर (फारसी)	100 ,,	..	..
23--सहायक अध्यापक (मृतिका शिल्प)	100 ,,	..	..

पद का नाम	आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा	उत्तर प्रदेश शिक्षा (प्रशिक्षित अभिस्नातक) सेवा की उन स्थायी अध्यापिकाओं में से आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा
		जो स्नातक हों और जिन्होंने कम से कम पांच वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत अस्थायी सेवा भी है) की हो
1	2	3
एल० टी० श्रेणी (महिला शाखा)		
1--सहायक अध्यापिका (सामान्य)	70 प्रतिशत	30 प्रतिशत
2--सहायक अध्यापिका (विज्ञान)	70 ,,	30 ,,
3--सहायक अध्यापिका (भाषा)	70 ,,	30 ,,
4--सहायक अध्यापिका (कला)	70 ,,	30 ,,
5--सहायक अध्यापिका (संगीत)	70 ,,	30 ,,
6--सहायक अध्यापिका	70 ,,	30 ,,
7--सहायक अध्यापिका (शारीरिक प्रशिक्षण)	70 ,,	30 ,,
8--शिल्प अध्यापिका (सिलाई)	70 ,,	30 ,,
9--शिल्प अध्यापिका (व्यवसाय)	70 ,,	30 ,,

अवधेय:--क्रम संख्या 16,17, 18, 19 पर दिखाये गये पद लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत नहीं है। इन पदों को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विभागीय चयन द्वारा भरा जाता है :

परन्तु यदि सहायक अध्यापक (कताई और बुनाई, धातु शिल्प और प्लास्टिक शिल्प) और प्रोफेसर (अरबी) और प्रोफेसर (फारसी) के पदों पर पदोन्नति के लिये अभिस्नातक श्रेणी के अध्यापकों में से उपयुक्त अर्हता वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हों तो इन पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जा सकता है ।

टिप्पणी:--प्रसार अध्यापकों और शिल्प अध्यापकों की पदोन्नति पुरुष शाखा में सामान्य संवर्ग के प्रति मद संख्या 1 से 8, 10, 11 और 14-15 के पदों पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए की जायगी :

(एक) सी० टी० ग्रेड श्रेणी में कार्यरत और पुनरभिस्थापन योजना के अधीन 11 अप्रैल, 1980 तक नियुक्त किये गये यथाविधि अर्ह प्रसार अध्यापक और शिल्प अध्यापक पदोन्नति के लिये पात्र होंगे ।

(दो) इस समय कार्यरत पात्र प्रसार अध्यापकों और शिल्प अध्यापकों की पदोन्नति/सेवानिवृत्ति के पश्चात् यह सुविधा समाप्त हो जायेगी और उसके पश्चात प्रसार अध्यापकों शिल्प अध्यापकों की पदोन्नति द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का विहित प्रतिशत, सीधी भर्ती द्वारा भरा जायगा ।

आरक्षण

6--अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकारी आदेशों के अनुसार किया जायगा ।

भाग--चार--अर्हतायें

राष्ट्रीकता

7--सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी--

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, वर्मा, श्री लंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, उगाण्डा, और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया हो :

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह अपेक्षा की जायगी कि वह पुलिस उप-महानिरीक्षक, गुप्तचर शाखा, उत्तर प्रदेश से पात्रता का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लें :

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण-पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नहीं किया जायगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले ।

टिप्पणी :--ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण-पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय ।

शैक्षिक अर्हतायें

8--सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी निम्न-लिखित अर्हतायें, या सरकार द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की गयी अर्हतायें रखता हो :--

क्रम-संख्या	पद	अर्हता	अधिमानी अर्हता
1	2	3	4
1	सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (सामान्य) और मुख्य अनुदेशक, शिक्षा प्रसार कार्यालय ।	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल० टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा ।	..
2	सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (विज्ञान)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में विज्ञान में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल० टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा ।	..

1	2	3	4
3	सहायक अध्यापक/ सहायक अध्यापिका (भाषा) (क) (हिन्दी)	हिन्दी में (मुख्य विषय के रूप में) स्नातक की उपाधि और माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश से एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ इण्टरमीडिएट या एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा । 2--एल0 टी0 में डिप्लोमा या बी0 टी0 या बी0 एड0 अधिमानी । 3--हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से साहित्य रत्न (दो वर्ष पाठ्यक्रम)	..
	(ख) संस्कृत	संस्कृत विषय के साथ स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय से एल0 टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा । या राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी से आचार्य या शास्त्री की उपाधि और एल0 टी0, बी0टी0 या बी0एड0 । या राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी से शास्त्री की उपाधि (अंग्रेजी विषय के साथ) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।	..
	(ग) उर्दू	उर्दू विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0 टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा ।	..
	(घ) फारसी	फारसी विषय के साथ स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0 टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा । या कामिल (इलाहाबाद या लखनऊ से) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण ।	..
	(ङ) अरबी ..	अरबी को एक विषय के रूप में लेकर स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0 टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा-शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा । या फाजिल (इलाहाबाद या लखनऊ विश्वविद्यालय से) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण ।	..

1	2	3	4
4	कैरियर मास्टर	1--50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की उपाधि और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0 टी0 या बी0 एड0 या एल0 टी0।	1--कृषि स्नातकों को अधिमानता दी जायगी।
		2--तीन वर्ष का शिक्षण का अनुभव या कम से कम एक वर्ष के शिक्षण के अनुभव के साथ मार्गदर्शन में डिप्लोमा।	2-कैरियर मास्टर का प्रशिक्षण या ग्रामीण जीवन का पर्याप्त अनुभव जिससे ग्रामीण बालकों की समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों की व्यवसायिक और औद्योगिक समस्याओं को समझ सकें।
5	सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (कला)	1--माध्यमिक शिक्षा परिशद्, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या उसके समक्ष कोई अन्य परीक्षा और कला अध्यापक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (जिसे पहले राजकीय कला-शिल्प विद्यालय लखनऊ का ड्राइंग शिक्षक प्रमाण-पत्र कहा जाता था) या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य प्रमाण-पत्र।	
		2--किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला स्नातक की उपाधि या उसके समकक्ष मान्यता-प्राप्त कोई अन्य उपाधि और राजकीय ड्राइंग और हस्त शिल्प केन्द्र, इलाहाबाद द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र (जो अब समाप्त कर दिया गया है) या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य प्रमाण-पत्र।	
		3--निम्नलिखित किसी एक परीक्षा में प्राविधिक ड्राइंग के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा:--	
		(क) राजकीय कलाशिल्प विद्यालय, लखनऊ का ललित कला डिप्लोमा।	
		(ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ड्राइंग और पेंटिंग के साथ स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य उपाधि।	
		(ग) कला भवन, शान्ति निकेतन का ललित कला का डिप्लोमा, या	
		(घ) फाइनल ड्राइंग टीचरशिप इक्जामिनेशन, कलकत्ता या	
		(ङ) टीचर सीनियर सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन मेयर स्कूल आफ आर्टस्, लाहौर।	

1	2	3	4
6	सहायक अध्यापक/ सहायक अध्यापिका (शारीरिक शिक्षा)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य उपाधि और शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा।	..
7	सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (संगीत)।	1--किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य उपाधि। 2--स्वर और वाद्य-संगीत का ज्ञान और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संगीत में सीनियर डिप्लोमा या भात खण्डे संगीत महाविद्यालय से संगीत विशारद या प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संगीत प्रभाकर।	..
8	सहायक अध्यापक/ सहायक अध्यापिका (कताई और बुनाई)	कताई और बुनाई में विशेषज्ञता के साथ रचनात्मक या बेसिक एल0 टी0 या इण्टरमीडिएट और वस्त्रोद्योग संस्थान, कानपुर में 5 वर्ष का प्रशिक्षण या इण्टरमीडिएट और राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ से कताई और बुनाई में पुराना दो वर्ष का सी0 टी0 पाठ्यक्रम।	..
9	सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (मृत्तिका शिल्प)।	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मृत्तिका शिल्प में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0 टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0 टी0, बी0 एड0। या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि और एक विषय के रूप में मृत्तिका शिल्प के साथ स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और एल0 टी0 (रचनात्मक) प्रशिक्षण का मृत्तिका शिल्प में विशेषज्ञता भी। (उन अभ्यर्थियों को अधिमानता दी जायगी जिन्हें प्रशिक्षण महाविद्यालय / इण्टरमीडिएट कालेज/ नार्मल स्कूल में अध्यापन का अनुभव हो)।	..
10	सहायक अध्यापक/ सहायक अध्यापिका (प्लास्टिक शिल्प)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त उपाधि और एल0 टी0 (रचनात्मक) का डिप्लोमा। प्लास्टिक शिल्प में विशेषज्ञता। (उन अभ्यर्थियों को अधिमानता दी जायगी जिन्हें प्रशिक्षण महाविद्यालय/इण्टरमीडिएट कालेज/नार्मल स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो)	..
11	सहायक अध्यापक/ सहायक अध्यापिका (धातु शिल्प)।	स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और एल0 टी0 (रचनात्मक) का डिप्लोमा / धातु शिल्प में विशेषज्ञता।	..

1	2	3	4
		(उन अभ्यर्थियों को अधिमानता दी जायगी जिन्हें प्रशिक्षण महाविद्यालय/इण्टरमीडिएट कालेज/नार्मल स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो)।	..
12	सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (काष्ठ शिल्प)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। एल0टी0 (रचनात्मक) का डिप्लोमा। काष्ठ शिल्प में विशेषज्ञता या एल0टी0/बी0टी0/बी0एड0 और गवर्नमेन्ट उड वर्किंग इन्स्टीट्यूट, इलाहाबाद/बरेली का डिप्लोमा धारक।	..
		(उन अभ्यर्थियों को अधिमानता दी जायगी जिन्हें प्रशिक्षण महाविद्यालय/इन्टरमीडिएट कालेज/नार्मल स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो)।	..
13	प्राध्यापक (शिल्प)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और एल0टी0 का डिप्लोमा या बी0टी0/बी0एड0।	.
		(उन अभ्यर्थियों को अधिमानता दी जायगी जिन्हें प्रशिक्षण महाविद्यालय/इन्टरमीडिएट कालेज/नार्मल स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो)।	..
14	सहायक अध्यापक (कृषि/उद्यानकर्म)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/उद्यानकर्म में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय से एल0टी0 का डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।	..
15	सहायक अध्यापिका (गृह विज्ञान)	1--किसी विश्वविद्यालय से गृह कला या गृह विज्ञान या सौपरिवेशिकी (यूथेनिक्स) में उपाधि।	..
		2--एल0टी0 में डिप्लोमा या बी0टी0 या बी0एड0।	..
		या	
		इण्टरमीडिएट या सीनियर कैम्ब्रिज और लेडी इरविन कालेज, नई दिल्ली से तीन वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम।	..
		3--हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान।	
16	शिल्प अध्यापक/अध्यापिका (कार्य का अनुभव)	एल0टी0 (बेसिक) या एल0टी0 (रचनात्मक) और संबद्ध शिल्प में विशेषज्ञता।	..
17	सहायक कृषि अध्यापक	बी0एस-सी0 (कृषि)	..
18	शिल्प अध्यापक/अध्यापिका (पुनरभिस्थापन)	एल0टी0 (बेसिक) या एल0टी0 (रचनात्मक) और संबद्ध शिल्प में विशेषज्ञता।	..
19	प्रसार अध्यापक	बी0एस-सी0 (कृषि)	..
20	शिल्प प्राविधिज्ञ	बी0ए0, एल0टी0 (रचनात्मक) और शिल्प में विशेषज्ञता।	शिल्प में अतिरिक्त अर्हता।

अधिमानी अर्हतायें

9--अन्य बातों के समान होने पर, ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायगा, जिसमें--

(एक) प्रादेशिक सेवा में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो।

आयु

10--सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु जिस वर्ष भर्ती की जानी हो उस वर्ष की पहली जनवरी को, यदि पद पहली जनवरी से 30 जून की अवधि में विज्ञापित किये जायें और पहली जुलाई को, यदि पद पहली जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में विज्ञापित किये जायें, 21 वर्ष की अवश्य हो जानी चाहिये और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये :

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जायें, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र

11--सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस संबंध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी:--संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोषसिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति

12--सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवत हों और न ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र होगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से कोई पत्नी जीवित रही हो :

परन्तु सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है, यदि उनका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान है।

शारीरिक स्वस्थता

13--किसी अभ्यर्थी को सेवा में तभी नियुक्त किया जायगा जब मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा हो और वह ऐसे सभी शारीरिक दोष से मुक्त हो जिससे उसे अपने कर्त्तव्यों का दक्षता पूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायगी कि :

(क) किसी राजपत्रित पद या सेवा की स्थिति में, वह चिकित्सा परिषद् द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा में सफल पाया जाय।

(ख) सेवा में अन्य पदों की स्थिति में, वह फण्डामेन्टल रूल 10 के अधीन बनाये गये और फाइनेंन्शियल हैण्डबुक, खण्ड दो, भाग तीन के अध्याय तीन में दिये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें :

परन्तु पदोन्नति द्वारा नियुक्त किये गये व्यक्ति से स्वस्थता प्रमाण-पत्र की अपेक्षा नहीं की जायगी।

भाग--पांच---भर्ती की प्रक्रिया

(जब भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जानी हो)

रिक्तियों का अवधारण

14--शिक्षा निदेशक, नियुक्ति प्राधिकारियों से आवश्यक विवरण प्राप्त करने के पश्चात् वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और उनकी सूचना आयोग को देगा।

सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15--(1) सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिये विचारार्थ आवेदन-पत्र आयोग द्वारा विहित प्रपत्र में आमन्त्रित किये जायेंगे जिसे आयोग के सचिव से भुगतान करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

(2) आयोग नियम 6 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, उतने अभ्यर्थियों को, जो अपेक्षित अर्हताएं पूरी करते हों, साक्षात्कार के लिये बुलायेगा, जितने वह उचित समझे।

(3) आयोग अभ्यर्थियों को, उनकी प्रवीणता-क्रम में, जैसा कि साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर बराबर अंक प्राप्त करें तो आयोग उनके नाम सेवा के लिए उनकी सामान्य उपयुक्तता के आधार पर उपयुक्त क्रम में रखेगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु 25 प्रतिशत से ज्यादा अधिक नहीं) होगी। आयोग सूची शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश को अग्रसारित करेगा।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

16--पदोन्नति द्वारा भर्ती, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 1970 के अनुसार की जायगी।

संयुक्त चयन सूची

17--यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जायं तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायगी जिसमें अभ्यर्थियों के नाम सुसंगत सूचियों से इस प्रकार लिये जायेंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्ति व्यक्ति का होगा।

भाग--छः--नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

18--(1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियां उसी क्रम में करेगा जिसमें उनके नाम, यथा स्थिति, नियम 15, 16 या 17 के अधीन तैयार की गयी सूचियों में हों।

(2) जहां भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी हों, वहां नियमित नियुक्तियां तब तक नहीं की जायेंगी जब तक कि दोनों स्त्रोतों से चयन न कर लिया जाय और नियम 17 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के संबंध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायगा जिसमें व्यक्तियों के नाम का उल्लेख, यथा-स्थिति, चयन में यथा अवधारित या उस संवर्ग में जिससे उन्हें पदोन्नति किया जाय, विद्यमान ज्येष्ठताक्रम में किया जायगा। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जायें तो नाम नियम 17 के अधीन तैयार की गयी सूची के अनुसार रखे जायेंगे।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी, अस्थायी या स्थानापन्न रिक्तियों में भी, उपनियम (1) में निर्दिष्ट सूची से नियुक्तियां कर सकता है। यदि इन सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह ऐसी रिक्ति में शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश से प्राप्त तदर्थ नियुक्ति के लिये चयन किये गये अभ्यर्थियों की सूची से नियुक्तियां कर सकता है। ऐसी नियुक्तियां एक वर्ष की अवधि या इस नियमावली के अधीन अगला चयन किये जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, से अधिक नहीं चलेंगी, और जहां पद आयोग के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत हों, वहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, 1954 के विनियम 5(क) के उपबन्ध लागू होंगे।

(5) तदर्थ नियुक्ति के लिये अभ्यर्थियों का चयन पहले ही की तरह शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा केन्द्रीय तौर पर किया जायगा उनकी सूची के पूरी हो जाने के पश्चात् शिक्षा निदेशक अभ्यर्थियों की सूची नियुक्ति प्राधिकारी को भेज देगा। सूची अभ्यर्थियों के विकल्प के अनुसार संभागवार तैयार की जायगी।

परिवीक्षा

19--(1) किसी पद पर या सेवा में किसी स्थायी रिक्ति में, या उसके प्रति, नियुक्ति किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे अलग-अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायगा जब तक अवधि बढ़ायी जाय :

परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायगी।

(3) यदि परिवीक्षाअवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या सन्तोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) उप नियम (3) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायें वह किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित या किसी समकक्ष या उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

20--किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षाअवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षाअवधि के अन्त में, उसकी नियुक्ति में, स्थायी कर दिया जायगा, यदि--

(क) उसका कार्य और आरचण संतोषजनक बताया जाय,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता

21--(1) (एक) एतद्पश्चात् यथा उपबन्धित के सिवाय, किसी श्रेणी के पद पर व्यक्तियों की ज्येष्ठता सरकार द्वारा संवर्ग में स्थायी या अस्थायी आधार पर सृजित मौलिक पद पर निरन्तर नियमित नियुक्ति के दिनांक के आधार पर अवधारित की जायगी। किन्तु इस नियम के प्रारम्भ के पूर्व भर्ती किये गये पदधारियों की ज्येष्ठता इस नियमावली के प्रारम्भ के पूर्व प्रवृत्त पद्धति/के नियमों के अनुसार निर्धारित की जायगी।

(दो) ज्येष्ठता उपर्युक्त नियम के अनुसार संभागवार अवधारित की जायगी। ज्येष्ठता निर्धारित करने के पहले प्रत्येक पदधारी से इस संबंध में कि वह किस विशिष्ट संभागीय संवर्ग में समायोजित होना चाहता है विकल्प प्राप्त कर लिया जायगा। उस दिनांक तक जब तक कि कोई पदधारी उसके द्वारा विकल्पित संवर्ग में तैनात नहीं किया जाता, वह बिना किसी अन्य लाभ के अन्य संवर्ग में प्रतिनियुक्ति पर समझा जायगा :

परन्तु यदि नियुक्ति के आदेश में किसी व्यक्ति की मौलिक रूप में नियुक्ति का कोई विशिष्ट पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाय तो उस दिनांक को मौलिक नियुक्ति के आदेश का दिनांक समझा जायगा और अन्य मामलों में, उसका तात्पर्य आदेश जारी किये जाने के दिनांक से होगा :

परन्तु यह और कि यदि किसी एक चयन के संबंध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो ज्येष्ठता वही होगी जो नियम 18 के उपनियम (3) के अधीन जारी किये गये नियुक्ति के संयुक्त आदेश में उल्लिखित हो।

(2) किसी एक चयन के परिणाम के आधार पर सीधे नियुक्त किये गये व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी, जो, यथास्थिति, आयोग या चयन समिति द्वारा अवधारित की गयी हो :

परन्तु सीधी भर्ती द्वारा किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का प्रस्ताव किये जाने पर वह युक्तियुक्त कारणों के बिना कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहे, कारणों की युक्तियुक्तता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(3) पदोन्नति द्वारा नियुक्ति किये गये व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो उस संवर्ग में रही हो जिससे उनकी पदोन्नति की गयी।

(4) जहां नियुक्तियां, पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से या एक से अधिक स्रोत से की जायं और श्रोतों का अलग-अलग कोटा विहित हो, वहां उनकी परस्पर ज्येष्ठता नियम 17 के अनुसार तैयार की गयी एक संयुक्त सूची में उनके नाम चक्रानुक्रम में रखकर ऐसी रीति से अवधारित की जायगी कि विहित प्रतिशत बना रहे :

परन्तु--

(एक) जहां किसी एक श्रोत से नियुक्तियां विहित कोटा से अधिक की जांय, वहां कोटा से अधिक नियुक्त व्यक्तियों को, ज्येष्ठता के लिये अनुवर्ती वर्ष या वर्षों में जिसमें जिनमें कोटा के अनुसार रिक्तियां हों, नीचे रखा जायगा।

(दो) जहां किसी श्रोत से नियुक्तियां विहित कोटा से कम हों, और ऐसी भरी न गयी रिक्तियों के प्रति नियुक्तयां अनुवर्ती वर्ष या वर्षों में की जायें, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों को किसी पूर्ववर्ती वर्ष की ज्येष्ठता नहीं मिलेगी किन्तु उन्हें उस वर्ष की जिस वर्ष उनकी नियुक्ति की जाय, ज्येष्ठता इस प्रकार मिलेगी कि इस नियम के अधीन तैयार की जाने वाली उस वर्ष की संयुक्त सूची में उनके नाम सबसे ऊपर रखे जायेंगे, जिसके बाद नियुक्त किये गये अन्य व्यक्तियों के नाम, चक्रानुक्रम में, रखे जायेंगे।

(तीन) जहां नियमों या विहित प्रक्रिया के अनुसार, किसी श्रोत से भरी न गयी रिक्तियां, सुसंगत नियम या प्रक्रिया में उल्लिखित परिस्थितियों में अन्य श्रोत से भरी जा सकती हैं, और इस प्रकार कोटा से अधिक नियुक्तियां की जायें, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों को उसी वर्ष की ज्येष्ठता दी जायगी मानो उन्हें उनके कोटे के प्रति नियुक्त किया गया है।

भाग-सात--वेतन इत्यादि

वेतनमान

22--(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर, चाहे मौलिक या स्थानापन्न रूप में हों या अस्थायी आधार पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत्त वेतनमान नीचे दिये गये हैं:--

पद का नाम	वेतनमान
1---प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष शाखा)	540-15-600-20-640-द0 रो0-20-760-द0 रो0-30-910 रुपया।
2---प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (महिला शाखा)	तदैव

परिवीक्षा अवधि में वेतन

23--(1) फन्डामेन्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायगी जब उसने एक वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, जहां विहित हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, और प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया हो, और द्वितीय वेतन-वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यदि सन्तोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन-वृद्धि के लिये नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फन्डामेन्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा :

परन्तु यदि सन्तोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

दक्षता रोक पार करने का मानदण्ड

24--किसी भी व्यक्ति को--

(एक) प्रथम दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी, जब तक कि उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय, और

(दो) द्वितीय दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसने तत्परतापूर्वक और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य न किया हो, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग-आठ--अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन

25---किसी पद या सेवा के संबंध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर, चाहे लिखित हो, या मौखिक, विचार नहीं किया जायगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

26---ऐसे विषयों के संबंध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता

27---जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझे, उस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति दे सकती है या उसे शिथिल कर सकती है :

परन्तु जहां कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो, वहां उस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति देने या उसे शिथिल करने के पूर्व आयोग से परामर्श किया जायगा।

व्यय वृत्ति

28--इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा जिनका, इस संबंध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों और व्यक्तियों की अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्ध करना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,

रमेश चन्द्र त्रिपाठी,

शिक्षा सचिव।

परिशिष्ट "क"

(नियम 4 देखिये)

(क) उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा--सामान्य शाखा की सदस्य संख्या

पद का नाम			पदों की संख्या	
			स्थायी	अस्थायी
1			2	3
सहायक अध्यापक (एल0 टी0 श्रेणी)			1492	2704
शिल्प शिक्षक (कार्य का अनुभव)		(पुरुष)	..	62
		(महिला)	..	10
सहायक कृषि शिक्षक (कार्य का अनुभव)			..	142
शिल्प शिक्षक				
पुनरस्थिापन	1--पुरुष		45	..
	2--महिला		6	..
आयोजनेतर	1--पुरुष		..	30
	2--महिला		..	15
प्रसार शिक्षक			737	263
शिल्प प्राविधिज्ञ			1	

पुरुष शाखा

(ख) प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी सेवा का विभाजन--सामान्य शाखा

संभाग का नाम	पदों की संख्या
पौड़ी संभाग	1218
नैनीताल संभाग	1107
मेरठ संभाग	155
आगरा संभाग	160
बरेली संभाग	336
लखनऊ संभाग	195
इलाहाबाद संभाग	208
वाराणसी संभाग	282
झांसी संभाग	235
गोरखपुर संभाग	116
फैजाबाद संभाग	184
पदों की कुल संख्या ..	4196

परिशिष्ट "ख"

(नियम 4 देखिये)

(क) उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा की सदस्य संख्या

महिला शाखा

पद का नाम	पदों की संख्या	
	स्थायी	अस्थायी
1	2	3
सहायक अध्यापिका एल0 टी0 श्रेणी (महिला शाखा)	964	933

(ख) प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी सेवा (महिला शाखा) का विभाजन–सामान्य शाखा

संभाग का नाम	पदों की संख्या
पौड़ी गढ़वाल संभाग	173
नैनीताल संभाग	209
मेरठ संभाग	194
आगरा संभाग	129
बरेली संभाग	181
लखनऊ संभाग	186
इलाहाबाद संभाग	141
वाराणसी संभाग	177
झांसी संभाग	174
गोरखपुर संभाग	157
फैजाबाद संभाग	176
पदों की कुल संख्या ..	1897

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 4946/XV-2—27 (46)-77, dated July 6, 983 :

No. 4946/XV-2—27 (46)-77

Dated Lucknow, July 6, 983

IN exercise of the powers conferred by the provisiso to Article 309 of the Constitution and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and conditions of service of persons appointed to the U. P. Subordinate Educational (Trained Graduates Grade) Service:

THE UTTAR PRADESH SUBORDINATE EDUCATIONAL (TRAINED GRADUATES GRADE) SERVICE RULES, 1983

PART I—GENERAL

Short title and commencement.

1. (1) These Rules may be called as the Uttar Pradesh Subordinates Educational (Trained Graduates Grade) Service Rules, 1983.

(2) They shall come into force atonce.

Status of the service.

2. The Uttar Pradesh Subordinate Educational (Trained Graduates Grade) Service Comprises Group 'C' posts.

Definitions.

3. In these rules unless there is anything repugnant in the subject or context—

(*a*) 'appointing authority' means Regional Deputy Director of Education in case of Men's Branch and Regional Inspectress of Girls School in respect of Women's Branch;

(*b*) 'citizen of India' means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Constitution;

(*c*) 'commission' means the Public Service Commission, Uttar Pradesh;

(*d*) 'constitution' means the Constitution of India;

(*e*) 'Government' means the State Government of Uttar Pradesh;

(*f*) 'Governor' means the Governor of Uttar Pradesh;

(*g*) 'Member of the Service' means a persons substantively appointed under these rules or the rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the service;

(*h*) 'Service' means the Uttar Pradesh Subordinate Educational (Trained Graduates Grade) Service;

(*i*) 'Substantive appointment' means an appointment not being an *ad hoc* appointment, on a post in the cadre of the service, made after selection in accordance with the rules and if there are no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the Government;

(*j*) 'Year of recruitment' means a period of twelve month commencing from the first day of July of a calendar year.

Part II—Cadre

Cadres of Service.

4. (1) There shall be regional cadres both for men and women branches.

(2) The strength of the service and of each category of posts therein shall be such as may be determined by the government from time to time.

(3) The strength of the service and of each category of posts therein shall until orders varying the same are passed under sub-rule (2) , be as given in Appendix 'A' (in respect of Men's Branch and Appendix 'B' in respect of Women's Branch).

Provided that—

(i) the appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post without thereby entitling any person to compensation;

(ii) the Governor may create such additional permanent or temporary posts as he may consider proper.

(4) Initially the regional cadres will be constituted out of the existing Uttar Pradesh Trained Graduate's cadre. The incumbents of the existing L. T. Grade will be required to give their option within a month of the notification of these rules in regard to the new regional cadre to which they opt. The optional once exercised shall be final.

In case it is not possible to place the incumbent initially in the opted cadre, he/she will be treated on deputation in other cadre without any additional benefit till such time as he/she gets his/her opted cadre.

PART III—RECRUITMENT

5. Recruitment to the various categories of posts in the service shall be made from the following sources : Source of recruitment.

Designation of posts	By direct recruitment through commission	By promotion through commission from amongst the permanent teachers of the Uttar Pradesh Educational (Trained Unnder-Graduate) service	
		Who are graduate and who have put in at least 5 years service (including temporary service)	Who are working as extension teachers and craft teachers having requisite qualification under re-orienta tion scheme
1	2	3	4
Men's Branch :	Per cent	Per cent	Per cent
1. Assistant Master (General) ..	35	30	35
2. Assistant Master (Science) ..	35	30	35
3. Assistant Master (Agriculture) ..	35	30	35
4. Assistant Master (Horticulture) ..	35	30	35
5. Assistant Master (Language) ..	35	30	35
6. Carrier Master	35	30	35
7. Assistant Master (Art) ..	35	30	35
8. Assistant Master (Music) ..	35	30	35
9. Assistant Master (Spinning and weaving)	100	..	..
10. Assistant Master (Physical Education)	35	30	35
11. Assistant. Master (wood craft) ..	35	30	35
12. Assistant Master (Metal Craft) ..	100	..	..
13. Assistant Master (Plastic craft) ..	100	..	..
14. Chief Instructor (Education Expansion).	35	30	35
15. Technical Assistant (Government Training College).	35	30	35
16. Craft Teacher (Work Experience)	..	100 from C.T. Craft teachers.	..
17. Assistant Agriculture Teacher (work experience)	..	100 from C.T. Extension teachers.	..
18. Craft Teachers	..	100 from C.T. Craft Teachers.	..
19. Extension teachers	..	100 from C.T. Extention teachers.	..
20. Crafter technician for Government Oriental College, Rampur.	..	100 from C.T. Craft Teachers.	..
21. Professor (Arabic) ..	100	..	..
22. Professor (Persian) ..	100	..	..
23. Assistant Master (Ceriemics) ..	100	..	..

L. T. Grade (Women's Branch)

Designation of post	By direct recruitment through commission	By promotion through commission from amongst the permanent teachers of the Uttar Pradesh Educational (Trained Undergraduate) Service
		Who are graduates and who have put in at least 5 years service (including temporary service)
1	2	3
	Per cent	Per cent
1. Assistant Mistress (General) ..	70	30
2. Assistant Mistress (Science) ..	70	30
3. Assistant Mistress (Language)	70	30
4. Assistant Mistress (Art)	70	30
5. Assistant Mistress(Music)	70	30
6. Assistant Mistress	70	30
7. Assistant Mistress (P.T.) ..	70	30
8. Craft Mistress (Tailoring) ..	70	30
9. Craft Mistress (Trading)	70	30

N. B.—Post shown at serial nos. 16, 17, 18, 19 are not under the perview of Public Service Commission, U. P. These posts are filled by the appointing authority through departmental selection:

Provided that if suitably qualified candidates are not available for promotion from amongst the teachers of undergraduate grade to the posts of Assistant teacher (Spinning and Weaving, Metal craft and Plastic Craft) and Professor (Arabic) and Professor (Persian), the posts may be filled by direct recruitment.

NOTE—Extension teachers and craft teachers will be given promotions to the posts in Men's Branch against the General cadre at items 1 to 8, 10, 11, and 14, 15 subject to the following conditions :—

(i) duly qualified extension teachers and craft teachers working in C. T. Grade and appointed up to April 11, 1980 under Reorientation Scheme will be eligible for promotion.

(ii) these privileges shall come to an end after the eligible extension teachers and craft teachers working at present are promoted/retired and thereafter through the percentage of vacancies prescribed to be filled by promotion of the extension teachers/craft teachers will be filled by direct recruitment.

Reservation.

6. Reservation for the candidates belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories shall be in accordance with the orders of the Government in force at the time of the recruitment.

PART IV—QUALIFICATION

Nationality.

7. A candidate for direct recruitment to a post in the service must be—

(*a*) a citizen of India; or

(*b*) a Tibetan refugee who came over to India before January 1, 1962 with the intention of permanently settling in India; or

(*c*) a person of Indian origin who has migrated from Pakistan, Burma, Sri Lanka or any of the East African countries of Kenya, Uganda and the United Republic of Tanzania (foremerely Tanganyika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India ;

Provided that a candidate belonging to category (*b*) or (*c*) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the State Government

Provided further that a candidate belonging to category (*b*) will also be required to obtain a certificate of eligibility granted by the Deputy Inspector General of Police, Intelligence Branch, Uttar Pradesh:

Provided also that if a candidate belongs to category (*c*) above, no certificate of eligibility will issued for a period of more than one year and the retention of such a candidate in service beyond a period of one year, shall be subject to his acquiring Indian citizenship.

NOTE—A candidate in whose case a certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor refused may be admitted to an examination or interview and he may also be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

8. A candidate for direct recruitment to the various posts in the service must possess the following qualifications or as specified by the government from time to time.

Academic qualification.

Serial no.	Post	Qualification	Preferential qualification
1	2	3	4
1	Assistant Master/ Assistant Mistress (General) and Chief Instructor in Education expansion office.	Bachelor's degree in respective subject from a recognised University or a degree recognised by the Government as equivalent thereto and L.T. Diploma of a Training College or Degree or Diploma in Education from a recognised University.	
2	Assistant Master/ Assistant Mistress (Science).	Bechelor's Degree in Science in respective subjects from a recognised University or a degree recognised by the Govenment as equivalent there to and L. T. Diploma of a Training College or Degree or Diploma in Education from a recognised University.	
3	Assistant Master/ Assistant Mistress (Language) (*a*) (Hindi).	Bachelor's Degree with Hindi (main subject) and Intermediate with Sanskrit from the Madhyamik Shiksha Parisad, U. P. or an equivalent examination with Sanskrit. (2) Diploma in L. T. or B.T. or B.Ed. *Preference*: (3) Sahityratna (2 years course) from the Hindi Sahitya Sammelan, Prayag.	
	(*b*) Sanskrit	Bachelor's Degree with Sanskrit and L. T. Diploma of a Training College or Degree or Diploma in Education from a recognised University. *Or* Acharya or Shastri Degree from Government Sanskrit College, Varanasi and L.T., B.T. or B.Ed. *Or* Shastri Degree (with English) from Government Sanskrit College, Varanasi and Refresher Course Training.	
	(*c*) Urdu	Bachelor's Degree from a recognised University or a Degree recognised by the Government as equivalent thereto with Urdu and L.T. Diploma of a Training College or Degree or Diploma in Education from a recognised University.	

1	2	3	4
	(*d*) Persian ..	Bachelor's Degree with Persian and L.T. Diploma of a Training College or Degree or Diploma in Education from a recognised University. *Or* Kamil (from Allahabad or Lucknow) and Refresher Course Training.	
	(*e*) Arabic	Bachelor's Degree with Arabic as a subject and L.T. Diploma of a Training College or Degree or Diploma in Education from a recognised University. *Or* Fazil (Allahabad or Lucknow) and Refresher Course Training.	
4	Career Master	1. Bachelor's Degree with 50 per cent marks and B.T. or B.Ed. or L.T. from a recognised University. 2. Three years or teaching experience or Diploma in guidance with not less than one year teaching experience.	1. Graduates in Agriculture to be given preference. 2. Career Master's Training or enough rural background so as to understand the problems of rural children and occupational and industries in rural areas.
5	Assistant Master/ Asstt. Mistress (Arts).	1. Intermediate examination of the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh or any equivalent examination with Art Masters Training certificate (formerely known as Drawing teacher Certificate) of Government School of Arts and Crafts. Lucknow or a certificate recognised as equivalent thereto. 2. Bachelor of Arts Degree from a recognised University or a degree recognised as equivalent thereto with a certificate awarded by the Government Drawing and Handicrafts Centre, Allahabad (since abolished) or a certificate recognised an equivalent thereto. *Or* 3. Intermediate Examination with Technical Drawing with one of the following examination — (*a*) Fine Arts Diploma of the Government School of Arts and Crafts, Lucknow. *Or* (*b*) B. A., with Drawig and Painting from a recognised University or a degree recognised by the Government or equivalent thereto.	

1	2	3	4
		(c) Fine Art Diploma of Kala Bhawan Shantiniketan *Or* (b) Final Drawing Teachership Examination, Calcutta *Or* (e) Teacher Senior Certificate Examination Mayor School of Arts, Lahore.	
6	Asstt. Master/ Asstt. Mistress (Physical Education)	Bachelor's Degree from a recognised University or a degree recognised by the Government as equivalent thereto and Diploma in Physical Education.	
7	Asstt. Master/ Asstt. Mistress (Music).	1. Bachelor's Degree from a recognised University or a degree by the Government as equivalent thereto. 2. Knowledge of vocal and Instrumental Music and Senior Diploma in Music from Allahabad University or Sangeet Visharad from Bhatkhande Sangeet Mahavidyalaya or Sangeet Prabhakar from Prayag Sangeet Samiti, Allahabad.	
8	Asstt. Master/ Asstt. Mistrss (Spinning and Weaving).	Constructive or Basic L.T. with specialisation in Spinning and Weaving or Intermediate with 5 years training in Textile Institute, Kanpur or Intermediate with old two years C.T. Course in Spinning and Weaving at the Government Constructive Training College, Lucknow.	
9	Asstt. Master/ Asstt. Mistress (Ceramics)	Post-Graduate Degree in Ceramics from a recognised University or a degree recognised by the Government as equivalent thereto and L.T. Diploma of a Training College or B.T., B.Ed. from a recognised University. *Or* Post-graduate and Bachelor's Degree with ceramics. From a recognised University or a Degree recognised by the Government as equivalent thereto. Also specialisation in Ceramics in L.T. (Constructive) Training. (Candidates having teaching experience in Training College/Intermediate College/Normal School are to be given preference).	
7—समुदाय (यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या पिछड़े वर्ग का हो, तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें) [अनुसूचित जाति] [अनुसूचित जनजाति] [पिछड़ा वर्ग] [अन्य]

8—नागरिकता

9—शैक्षिक अर्हतायें प्रमाणित अंक पत्र और प्रमाण-पत्र संलग्न करें।

क्रम संख्या	परीक्षा का नाम	विषय	प्राप्तांक प्रतिशत	श्रेणी	परीक्षा लेने वाली संस्था

10—पोस्टल आर्डर का विवरण

11—संलग्नकों का विवरण

घोषणा

मैं..... .....एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में मेरे द्वारा इस आवेदन पत्र में दी गयी सूचनायें सही हैं।

आवेदक का हस्ताक्षर

परिशिष्ट 'घ''

(नियम 15 (2) देखिये)

सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए गुणवत्ता बिन्दु :—

परीक्षा का नाम	गुणवत्ता बिन्दु
1—हाई स्कूल	$\frac{\text{अंकों का प्रतिशत}}{10}$
2—इण्टरमीडिएट	$\frac{\text{अंकों का प्रतिशत} \times 2}{10}$
3—स्नातक उपाधि	$\frac{\text{अंकों का प्रतिशत} \times 4}{10}$

अन्य

4—प्रशिक्षण :—	प्रथम श्रेणी	द्वितीय श्रेणी	तृतीय श्रेणी
(क) सिद्धान्त	12	6	3
(ख) क्रियात्मक	12	6	3
5—स्नातकोत्तर उपाधि	15	10	5

आज्ञा से,

(वी. वेंकटाचलम)

विशेष सचिव, शिक्षा

क्रम-संख्या 273

रजिस्ट्रेशन नम्बर-एस०एस०पी०/एल०
डब्लू०/एन०पी०-91/2008-10
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

अधिसूचना संख्या 05/15-2-12-27(268)-2008, दिनांक 03-01-2012 द्वारा हिन्दी रूपान्तर में संशोधन/शुद्धि-पत्र जारी किया गया।

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 8 सितम्बर, 2010

भाद्रपद 17, 1932 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

शिक्षा अनुभाग—2

संख्या 3854/15-2-2010-27(268)-2008

लखनऊ, 08 सितम्बर, 2010

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा०प०नि० 49

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :—

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2010

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1-(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2010 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 8 का संशोधन

2--उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983 जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में नियम 8 में शैक्षिक अर्हताओं की तालिका में नीचे स्तम्भ--1 में दिये गये क्रमांकों 1, 2 और 3 पर विद्यमान मदों के स्थान पर स्तम्भ--2 में दिये गये मद स्तम्भवार रख दिये जायेंगे, अर्थात् :--

स्तम्भ--1 विद्यमान मदें	स्तम्भ--2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें
1(क) सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (सामान्य) और मुख्य अनुदेशक, शिक्षा प्रसार कार्यालय	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।
(ख) सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका, सामान्य (इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से इतिहास, भूगोल राजनीति शास्त्र और अर्थ शास्त्र में से कम से कम किन्हीं दो विषयों में स्नातक की उपाधि।
	(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।

स्तम्भ--1 विद्यमान मदें	स्तम्भ--2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें
1(क) सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (सामान्य) और शिक्षा प्रसार कार्यालय में मुख्य अनुदेशक	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा)।
(ख) सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका, सामान्य (इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से इतिहास, भूगोल राजनीति शास्त्र और अर्थ शास्त्र में से कम से कम किन्हीं दो विषयों के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा)।

(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।

स्तम्भ 1 विद्यमान पदें		स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित पदें	
(ग) सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका, सामान्य (अंग्रेजी)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।	(ग) सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका सामान्य (अंग्रेजी)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में अंग्रेजी सहित स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।
	(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल०टी० डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।		(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल०टी० डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या डा० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी०एड० (विशिष्ट शिक्षा)।
2(क) सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका, विज्ञान (गणित / विज्ञान)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित, भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र विषयों में विज्ञान में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।	2(क) सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका, विज्ञान (गणित / विज्ञान)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित, भौतिकी और रसायन शास्त्र विषयों के साथ विज्ञान में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई उपाधि।
	(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय से एल०टी० डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।		(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल०टी० डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में डिप्लोमा या उपाधि या डा० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी०एड० (विशिष्ट शिक्षा)।
(ख) सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका, विज्ञान (जीव विज्ञान)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से जन्तु शास्त्र और वनस्पति शास्त्र विषयों से विज्ञान में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।	(ख) सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका, विज्ञान (जीव विज्ञान)	(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से विषय के रूप में जन्तु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के साथ विज्ञान में स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।
	(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय से एल०टी० डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा।		(दो) किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय से एल०टी० डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या डा० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी०एड० (विशिष्ट शिक्षा)।

	स्तम्भ-1 विद्यमान मदें	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित मदें
3—सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (भाषा) (क) (हिन्दी)	हिन्दी में (मुख्य विषय के रूप में) स्नातक की उपाधि और माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ इण्टरमीडिएट या एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा।	(1) हिन्दी (मुख्य विषय) के साथ स्नातक की उपाधि और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संस्कृत विषय के साथ इण्टरमीडिएट या संस्कृत विषय के साथ कोई समकक्ष परीक्षा।
	2- एल0टी0 में डिप्लोमा या बी0टी0 या बी0एड0 अधिमानी।	(2) एल0टी0 में डिप्लोमा या बी0टी0 या बी0एड0 या डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) अधिमान
	3 हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से साहित्य रत्न (दो वर्ष पाठ्यक्रम)	(3) प्राचीन भाषा के रूप में संस्कृत विषय के साथ हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से साहित्यरत्न (दो वर्षीय पाठ्यक्रम) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।
(ख) संस्कृत	संस्कृत विषय के साथ स्नातक की उपाधि और किसी उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा। या राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी से आचार्य या शास्त्री की उपाधि और एल0टी0, बी0टी0 या बी0एड0। या राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी से शास्त्री की उपाधि (अंग्रेजी विषय के साथ) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।	(ख) संस्कृत	किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय की उपाधि या एल0टी0 डिप्लोमा या संस्कृत विषय के साथ स्नातक की उपाधि और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या डा0 शकुन्तला मिश्रा, पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) या राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी से आचार्य या शास्त्री और एल0टी, बी0टी0 या बी0एड0 या डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) या राजकीय संस्कृत महाविद्यालय वाराणसी से (अंग्रेजी विषय के साथ) शास्त्री की उपाधि और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।

Delete

स्तम्भ--1		स्तम्भ--2	
	विद्यमान मदें		एतदद्वारा प्रतिस्थापित मदें
(ग) उर्दू	उर्दू विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र मे उपाधि या डिप्लोमा।	(ग) उर्दू	उर्दू विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा)।
(घ) फारसी	फारसी विषय के साथ स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र मे उपाधि या डिप्लोमा या कामिल (इलाहाबाद या लखनऊ से) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।	(घ) फारसी	फारसी विषय के साथ स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा या कामिल (इलाहाबाद या लखनऊ से) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।
(ङ) अरबी	अरबी को एक विषय के रूप में लेकर स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र म उपाधि या डिप्लोमा। या फाजिल (इलाहाबाद या लखनऊ विश्वविद्यालय से) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।	(ङ) अरबी	अरबी को एक विषय के रूप में लेकर स्नातक की उपाधि और किसी प्रशिक्षण महाविद्यालय का एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में उपाधि या डिप्लोमा। या फाजिल (इलाहाबाद या लखनऊ) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।

नियम 15 का संशोधन

3—उक्त नियमावली में नियम—15 के उप नियम (1) के खण्ड (ग) में नीचे स्तम्भ (1) में दिये गये विद्यमान उपखण्ड एक के स्थान पर स्तम्भ दो में दिया गया उपखण्ड रख दिया जाएगा, अर्थात

स्तम्भ 1	स्तम्भ—2
विद्यमान उपखण्ड	एतदद्वारा प्रतिस्थापित उप-खण्ड
खण्ड (क) मे निर्दिष्ट आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित होंगे — (एक) रेखांकित पोस्टल आर्डर के रूप में पन्द्रह रुपये की फीस संबंधित मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक को देय होगी परन्तु ऐसी फीस अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले मे पाच रुपये होगी।	(एक) संबंधित मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक के पक्ष में देय रेखांकित पोस्टल आर्डर / बैंक ड्राफ्ट के रूप में सौ रुपये की फीस: परन्तु अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले में एसी फीस चालीस रुपये होगी।

आज्ञा से,
जितेन्द्र कुमार,
सचिव।

N. Shiksha data 2

रजिस्ट्रेशन नम्बर—एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०—91 / 2011—13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, मंगलवार, 03 जनवरी, 2012

पौष 13, 1933 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

शिक्षा अनुभाग—2

संख्या 05 / 15—2-12—27(268)-2008
लखनऊ, 03 जनवरी, 2012

अधिसूचना

स्पष्टीकरण / शुद्धि-पत्र

सा0प0नि0—1

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2010 से संबंधित अधिसूचना / प्रकीर्ण संख्या 3854 / 15-2—2010—27-(268)-2008, दिनांक 08 सितम्बर, 2010 के नियम 8(3) के अन्तर्गत हिन्दी रूपान्तर में निम्नलिखित मुद्रित हैं :—

सहायक अध्यापक / सहायक अध्यापिका (भाषा) (क) हिन्दी	(1) हिन्दी (मुख्य विषय) के साथ स्नातक की उपाधि और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संस्कृत विषय के साथ इण्टरमीडिएट या संस्कृत विषय के साथ कोई समकक्ष परीक्षा।
	(2) एल०टी० में डिप्लोमा या बी०टी० या बी०एड० या डा० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ से बी०एड० (विशिष्ट शिक्षा) अधिमान।
	(3) प्राचीन भाषा के रूप में संस्कृत विषय के साथ हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से साहित्यरत्न (दो वर्षीय पाठ्यक्रम) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।

2–प्रश्नगत सेवा नियमावली के नियम 8(3) पर उल्लिखित अर्हता की मद संख्या 1 व 2 अनिवार्य अर्हताएँ हैं तथा मद संख्या 3 पर उल्लिखित अर्हता अधिमानः अर्हता है। त्रुटिवश अधिमानः शब्द मद संख्या 2 के साथ मुद्रित हो गया है। अतः उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेर्ण।) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2010 संबंधी अधिसूचना/प्रकीर्ण संख्या 3854/15-2–2010–27-(268)-2008, दिनांक 08 सितम्बर, 2010 के नियम 8(3) के अन्तर्गत हिन्दी रूपान्तर में निम्नवत् पढ़ा जाय :–

सहायक अध्यापक/सहायक अध्यापिका (भाषा) (क) हिन्दी	(1) हिन्दी (मुख्य विषय) के साथ स्नातक की उपाधि और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संस्कृत विषय के साथ इण्टरमीडिएट या संस्कृत विषय के साथ कोई समकक्ष परीक्षा।
	(2) एल०टी० में डिप्लोमा या बी०टी० या बी०एड० या डा० शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ से बी०एड० (विशिष्ट शिक्षा)।
	अधिमान :
	(3) प्राचीन भाषा के रूप में संस्कृत विषय के साथ हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से साहित्यरत्न (दो वर्षीय पाठ्यक्रम) और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।

उक्त सीमा तक अधिसूचना/प्रकीर्ण को संशोधित समझा जाय।

आज्ञा से,
जितेन्द्र कुमार,
सचिव।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 613 राजपत्र (हि०)–2012–(1508)–599 प्रतियां–(क०/आ०)।
पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 11 सा० शिक्षा–2012–(1509)–200 प्रतियां–(क०/आ०)।

क्रम-संख्या–65(ख)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2011–13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग—4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2014
फाल्गुन 9, 1935 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार
शिक्षा अनुभाग–2

संख्या 240/15-2–2014-27(268)-2008
लखनऊ, 28 फरवरी, 2014

अधिसूचना
प्रकीर्ण

सा0प0नि0–31

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983, में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2014

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2014 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 10 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, नियम 10 में, विद्यमान अंक "32" के स्थान पर, अंक 40 रख दिया जायगा।

नियम 15 का संशोधन

3—उक्त नियमावली में, नियम 15 में,—

(क) उपनियम (3) में, अन्त में निम्नलिखित "टिप्पणी" रख दी जायेगी, अर्थात्:—

"टिप्पणी—चयन समिति में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछडे वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नामनिर्देशन समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 7 के अधीन किये गये आदेशों के अनुसार किया जायेगा।"

(ख) नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान उपनियम (4) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:—

स्तम्भ—1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(4) चयन समिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट सूचियों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करने के पश्चात् योग्यता के क्रम में नियुक्ति के लिए चुने गये अभ्यर्थियों की जैसा उपनियम (2) के अधीन संकलित गुणवत्ता बिन्दुओं से प्रकट हो, विषयवार सूचियाँ तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर-बराबर गुणवत्ता अंक प्राप्त करें तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। सूची में नामों की संख्या उपनियम (1) के अधीन विज्ञापित रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अनधिक) होगी।	(4) चयन समिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट सूचियों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करने के पश्चात्, एल०टी० ग्रेड में नियुक्ति के लिए चुने गये अभ्यर्थियों की, योग्यता के क्रम में जैसा उपनियम (2) के अधीन संकलित गुणवत्ता बिन्दुओं से प्रकट हो, विषयवार सूचियाँ तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर-बराबर गुणवत्ता अंक प्राप्त करें तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा।

नियम 16 का संशोधन

4—उक्त नियमावली में, नियम 16 में, नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान उपनियम (1) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:—

स्तम्भ—1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिए) नियमावली, 1992, के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से की जायेगी।	(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती समय-समय पर यथा संशोधित (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) के पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समिति का गठन नियमावली, 1992, के उपबन्धों के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्डों के आधार पर की जायेगी। **टिप्पणी**—चयन समिति में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नाम निर्देशन समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण अधिनियम, 1994 की धारा 7 के अधीन किये गये आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

5–उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम 19 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :– नियम 19 का प्रतिस्थापन

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम		स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम	
19–(1) किसी पद पर या सेवा में किसी स्थायी रिक्ति में या उसके प्रति नियुक्ति किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।	परिवीक्षा	19–(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त होने पर किसी व्यक्ति को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली, 2013 के अनुसार परिवीक्षा पर रखा जायेगा।	परिवीक्षा
(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग-अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा जब तक अवधि बढ़ायी जाये : परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।		(2) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है, और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।	
(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती है।		(3) उपनियम (2) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाए या जिसकी सेवायें समाप्त की जायें वह किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।	
(4) उपनियम (3) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाए या जिसकी सेवायें समाप्त की जायें वह किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।		(4) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित या किसी समकक्ष या उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।	
(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित या किसी समकक्ष या उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।			

परिशिष्ट "घ" का प्रतिस्थापन

6–उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान परिशिष्ट "घ" के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया परिशिष्ट रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान परिशिष्ट परिशिष्ट "घ" [नियम 15(2) देखिये]			स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित परिशिष्ट परिशिष्ट "घ" [नियम 15(2) देखिये]		
सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए गुणवत्ता बिन्दु:			सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए गुणवत्ता बिन्दु:		
परीक्षा का नाम	गुणवत्ता अंक		परीक्षा का नाम	गुणवत्ता अंक	
1–हाई स्कूल .....अंकों का प्रतिशत / 10			1–हाई स्कूल ..... अंकों का प्रतिशत / 10		
2–इण्टरमीडिएट .....अंकों का प्रतिशत x 2 / 10			2–इण्टरमीडिएट .....अंकों का प्रतिशत x 2 / 10		
3–स्नातक उपाधि.....अंकों का प्रतिशत x 4 / 10			3–स्नातक उपाधि.....अंकों का प्रतिशत x 4 / 10		
अन्य:			अन्य:		
4–प्रशिक्षण: प्रथम श्रेणी	द्वितीय श्रेणी	तृतीय श्रेणी	4–प्रशिक्षण: प्रथम श्रेणी	द्वितीय श्रेणी	तृतीय श्रेणी
(क) सिद्धान्त 12	06	03	(क) सिद्धान्त 12	06	03
(ख) क्रियात्मक....12	06	03	(ख) क्रियात्मक...12	06	03
5–स्नातकोत्तर...15 उपाधि	10	05			

आज्ञा से,
जितेन्द्र कुमार,
प्रमुख सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 240/XV-2–2014-27(268)-2008, dated February 28, 2014:

No. 240/XV-2–2014-27(268)-2008
Dated Lucknow, February 28, 2014

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Subordinate Educational (Trained Graduates Grade) Service Rules, 1983.

THE UTTAR PRADESH SUBORDINATE EDUCATIONAL (TRAINED GRADUATES GRADE) SERVICE (THIRD AMENDMENT) RULES, 2014

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Subordinate Education (Trained Graduates Grade) Service (Third Amendment) Rules, 2014

(2) They shall come into force at once.

Amendment of rule 10

2. In the Uttar Pradesh Subordinate Educational (Trained Graduates Grade) Service Rules, 1983, hereinafter referred to as the said rules, in rule 10, *for* the existing figure "32", the figure "40" shall be *substituted*.

Amendment of rule 15

3. In the said rules, in rule 15,–

(a) in sub-rule (3), at the end, the following "NOTE" shall be *inserted*, namely:–

"NOTE– Nomination of officers for giving representation to the Scheduled Castes/Scheduled Tribes and Other Backward Classes of Citizens in the Selection Committee shall be made in accordance with the order made under section 7 of the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994, as amended from time to time."

(b) *for* existing sub-rule (4) set out in column-1 below, the sub-rule as set out in column-2 shall be *substituted*, namely :–

COLUMN-1	COLUMN-2
Existing sub-rule	*Sub-rule as hereby substituted*
(4) The Selection Committee shall, after considering the cases of candidates on the basis of lists referred to in sub-rule (2) prepare subject wise lists of selected candidates for appointment in L.T. grade in order of merit as disclosed by the quality points compiled under sub-rule (2). If two or more candidates obtain equal quality points, the name of the candidate who is older in age shall be placed higher in list. The number of names in the list shall be larger (but not larger by more than tweny-five per cent) than the number of vacancies advertised under sub-rule (1).	(4) The Selection Committee shall, after considering the cases of candidates on the basis of lists referred to in sub-rule (2) prepare subject wise lists of selected candidates for appointment in L.T. grade in order of merit as disclosed by the quality points compiled under sub-rule (2). If two or more candidates obtain equal quality points, the name of the candidate who is older in age shall be placed higher in the list.

Amendment of rule 16

4. In the said rules, in rule 16, *for* existing sub-rule (1) set out in column-1 below, the sub-rule as set out in column-2 shall be *substituted*, namely:–

COLUMN-1	COLUMN-2
Existing sub-rule	*Sub-rule as hereby substituted*
(1) Recruitment by promotion shall be made on the basis of seniority subject to the rejection of unfit, through a Selection Committee consituted in accordance with the Uttar Pradesh Constitution of Departmental Promotion Committee (for Posts Outside the Purview of the Service Commission) Rules, 1992, as amended from time to time.	(1) Recruitment by promotion shall be made on the basis of the criterion laid down in the Uttar Pradesh Government Servants Criterion for Recruitment by Promotion Rules, 1994, as amended from time to time, through the Selection Committee constituted in accordance with the provision of the Uttar Pradesh Constitution of Departmental Promotion Committee for Posts Outside the Purview of the Service Commission Rules, 1992, as amended from time to time. NOTE–Nomination of officers for giving representation to the Scheduled Castes/Scheduled Tribes and Other Backward Classes of Citizens in the Selection Committee shall be made in accordance with the order made under section 7 of the Uttar Pradesh Public Service (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994, as amended from time to time.

Substitution of rule 19

5. In the said rules, *for* existing rule 19 set out in column-1 below, the rules as set out in column-2 shall be *substituted*, namely :-

	COLUMN-1 *Existing rule*		COLUMN-2 *Rule as hereby substituted*
Probation	19. (1) A person on appointment to a post or Service in or against a permanent vacancy shall be placed on probation for a period of two years.	Probation	19. (1) A person on substantive appointment to a post in the service shall be placed on probation in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Probation Rules, 2013.
	(2) The appointing authority may, for reasons to be recorded, extend the period of probation in individual cases specifying the date up to which the extension is granted : Provided that, save in exceptional circumstances, the period of probation shall not be extended beyond one year and in no circumstance beyond two years.		(2) If it appears to the appointing authority at any time during or at the end of the period of probation or extended period of probation that a probationer has not made sufficient use of his opportunities or has otherwise failed to give satisfaction, he may be reverted to his substantive post, if any, and if he does not hold a lien on any post, his services may be dispensed with.
	(3) If it appears to the appointing authority at any time during or at the end of the period of probation or extended period of probation that a probationer has not made sufficient use of his opportunities or has otherwise failed to give satisfaction, he may be reverted to his substantive post, if any, and if he does not hold a lien on any post, his services may be dispensed with.		(3) A probationer who is reverted or whose services are dispensed with under sub-rule (2) shall not be entitled to any compensation.
	(4) A probationer who is reverted or whose services are dispensed with under sub-rule (3) shall not be entitled to any compensation.		(4) The appointing authority may allow continuous service, renderd in an officiating or temporary capacity in a post included in the cadre or any other equivalent are higher post, to be taken into account for the purpose of computing the period of probation.
	(5) The appointing authority may allow continuous service, rendered in an officiating or temporary capacity in a post included in the cadre or any other equivalent or higher post, to be taken into account for the purpose of computing the period of probation.		

6. In the said rules, *for* the existing Appendix 'D' set out in column-1 below, the Appendix as set out in column-2 shall be *substituted*, namely :- Substitution of Appendix 'D'

COLUMN-1

Existing Appendix

Appendix 'D'

[*See* Rule 15(2)]

Quality points for selection by direct recruitment:

Name of Examination	Quality Points
1. High School----------------	$\frac{\text{The percentage of marks}}{10}$
2. Intermediate---------------	$\frac{\text{The percentage of marks} \times 2}{10}$
3. Graduate Degree---------	$\frac{\text{The percentage of marks} \times 4}{10}$

Others:

4. Training:	I Division	II Division	III Division
(a) Theory...	12	06	03
(b) Practical...	12	06	03
5. Post .... Graduate Degree	15	10	05

COLUMN-2

Appendix as hereby substituted

Appendix 'D'

[*See* Rule 15(2)]

Quality points for selection by direct recruitment:

Name of Examination	Quality Points
1. High School--------------	$\frac{\text{The percentage of marks}}{10}$
2. Intermediate-------------	$\frac{\text{The percentage of marks} \times 2}{10}$
3. Graduate Degree-------	$\frac{\text{The percentage of marks} \times 4}{10}$

Others:

4. Training:	I Division	II Division	III Division
(a) Theory...	12	06	03
(b) Practical...	12	06	03

By order,
JITENDRA KUMAR,
Pramukh Sachiv.

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 843 राजपत्र (हि०)–2014–(1906)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / ट्रे० / आफसेट)।
पी०एस०यू०पी० ए०पी० 15 सा० शिक्षा 2014 (1907) 100 प्रतियां (कम्प्यूटर / ट्रे० / आफसेट)।

843RPH Data 2 (Niyama Shi

क्रम-संख्या–213

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–डब्लू०/एन0पी0–91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्शेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, बुधवार, 19 अक्टूबर, 2016

आश्विन 27, 1938 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

शिक्षा अनुभाग–2

संख्या 1077/15-2–2016-27(268)-2008

लखनऊ, 19 अक्टूबर, 2016

अधिसूचना

प्रकीर्ण

प० आ०–564

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2016

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (चतुर्थ संशोधन), नियमावली 2016 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम–3 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली, 1983 जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में नियम–3 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान खण्ड (क) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात:–

स्तम्भ 1 विद्यमान खण्ड	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य पुरूष शाखा की दशा में सम्भागीय शिक्षा उप निदेषक से और महिला शाखा के सम्बन्ध में सम्भागीय बालिका विद्यालय निरीक्षिका से है;	(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य पुरूष शाखा और महिला शाखा दोनों के सम्बन्ध में, अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद से है;

नियम–4 का संशोधन

3–उक्त नियमावली में नियम 4 में ,–

(क) नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उप–नियम (1) के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिया गया उप–नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ 1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ 2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(1) पुरूष और महिला दोनों शाखाओं के लिए सम्भागीय संवर्ग होंगे।	(1) पुरूष शाखा एवं महिला शाखा दोनों शाखाओं के लिए राज्य संवर्ग होंगे।

(ख) उपनियम (4) निकाल दिया जायेगा।

नियम 8 का प्रतिस्थापन

4. उक्त नियमावली में, विद्यमान नियम 8 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

शैक्षिक अर्हता

8–सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी निम्नलिखित अर्हताएं या सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट की गयी अर्हताएं रखता हो:–

(1)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) सामाजिक विज्ञान	(एक) भारत में किसी विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र में से कम से कम किन्हीं दो विषयों के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(2)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) अंग्रेजी	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(3)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) गणित	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में गणित के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(4)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) विज्ञान	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विषय के रूप में भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(5)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) जीव विज्ञान	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(6)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) हिन्दी	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ स्नातक की उपाधि और एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ इण्टरमीडिएट अथवा संस्कृत के साथ समकक्ष परीक्षा। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(7)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) संस्कृत	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विष्वविद्यालय से समकक्ष उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।

(8)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) उर्दू	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में उर्दू के साथ स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विष्वविद्यालय से समकक्ष उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(9)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) फारसी	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में फारसी के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा, स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(10)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) अरबी	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में अरबी के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(11)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) पाली, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, सिन्धी, तमिल, तेलगू, मलयालम और नेपाली	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(12)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) कला	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला अथवा ललित कला विषय के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(13)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) शारीरिक षिक्षा	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0पी0एड0 अथवा बी0पी0ई0 की उपाधि।
(14)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) संगीत	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में संगीत के साथ स्नातक की उपाधि, अथवा भातखण्डे संगीत महाविद्यालय से संगीत विशारद अथवा प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संगीत प्रभाकर के साथ भारत में किसी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि। **टिप्पणी**–संगीत विषारद अथवा संगीत प्रभाकर के लिए कोई गुणवत्ता बिन्दु आबंटित नहीं किये जायेंगे। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक उपाधि।
(15)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) कृषि/उद्यानकर्म	(एक)भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/उद्यानकर्म में स्नातक की उपाधि। (दो)भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(16)	सहायक अध्यापक (पुरूष/महिला) वाणिज्य	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।

(17)	सहायक अध्यापक (पुरुष/महिला) गृह विज्ञान	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में गृह विज्ञान के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(18)	सहायक अध्यापक (पुरुष/महिला) कम्प्यूटर	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0टेक0/बी0ई0 (कम्प्यूटर विज्ञान में), अथवा कम्प्यूटर विज्ञान में विज्ञान स्नातक, अथवा कम्प्यूटर एप्लीकेशन में विज्ञान स्नातक अथवा कम्प्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक, अथवा एन.आई.ई.एल.आई.टी. से 'ए' स्तरीय पाठ्यक्रम के साथ स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(19)	सहायक अध्यापक (पुरुष/महिला) मानव–विज्ञान	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मानव–विज्ञान में स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।
(20)	सहायक अध्यापक (पुरुष/महिला) सिलाई	(एक) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फैशन डिजाइनिंग में स्नातक की उपाधि। (दो) भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा स्नातक अथवा समकक्ष उपाधि।

नियम 14 का प्रतिस्थापन

5–उक्त नियमावली में, विद्यमान नियम 14 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

रिक्तियों की अवधारणा

14–नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती के वर्ष के दौरान भरी जाने वाली पुरुष और महिला दोनों शाखाओं की विषयवार रिक्तियों की संख्या के साथ–साथ नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा।

नियम 15 का प्रतिस्थापन

6–उक्त नियमावली में, विद्यमान नियम 15 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15–(एक)(क) नियुक्ति प्राधिकारी सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली दोनों शाखाओं (पुरुष/महिला) की विषयवार रिक्तियों की संख्या के साथ–साथ अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी विज्ञापित करेगा। रिक्तियां निम्न प्रकार से अधिसूचित की जायेंगी:–

(एक) व्यापक प्रसार वाले दो दैनिक समाचार-पत्रों में विज्ञापन जारी करके;

(दो) कार्यालय/कार्यालयों के सूचना-पट पर सूचना चिपका करके अथवा आकाशवाणी/दूरदर्शन और अन्य रोजगार समाचार–पत्रों के माध्यम से विज्ञापन करवा के; और

(तीन) सेवायोजन कार्यालय को रिक्तियाँ अधिसूचित करके।

टिप्पणी–(1) विज्ञापन में, अन्य बातों के अतिरिक्त पदों के सम्बन्ध में न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं, वेतन और भत्ते और ऐसी अन्य सुसंगत सूचना, जो कि आवश्यक समझी जाय, उल्लिखित की जायेंगी।

टिप्पणी–(2) सीधी भर्ती के लिए आवेदन–पत्र ऐसे प्रारूप पर आनलाइन आमंत्रित किये जायेंगे जैसा कि सरकार द्वारा विहित किया जाय।

(ख) खण्ड (क) के अधीन आमंत्रित किये जाने वाले आनलाइन आवेदन-पत्र खण्ड (क) के अधीन जारी विज्ञापन में नियत तिथि या उसके पूर्व प्राप्त किये जायेंगे।

(ग) खण्ड (क) में उल्लिखित प्रारूप में आवेदन-पत्र में निम्नलिखित सम्मिलित होगा:–

(एक) सरकार द्वारा विहित रीति में भिन्न–भिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क की धनराशि सरकार द्वारा यथा विनिश्चित की जाय;

(दो) स्वनामांकित पते का लिफाफा; और

(तीन) अन्य अपेक्षित दस्तावेज।

(घ) ऐसे आवेदन-पत्र, जो कि विहित प्रारूप पर नहीं हों या अपूर्ण हों या त्रुटिपूर्ण हों, पर विचार नहीं किया जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी आवेदन–पत्रों की संवीक्षा करेगा और परिशिष्ट 'घ' में विनिर्दिष्ट गुणवत्ता बिन्दुओं के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार करेगा। नियुक्ति प्राधिकारी आवेदन-पत्रों के साथ ऐसी तैयार की गयी सूची को चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) सीधी भर्ती द्वारा चयन के प्रयोजनार्थ, एक चयन समिति गठित की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित समाविष्ट होंगे:–

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी –अध्यक्ष

(दो) संयुक्त शिक्षा निदेशक (महिला), उत्तर प्रदेश –सदस्य

(तीन) संयुक्त शिक्षा निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश –सदस्य

टिप्पणी–चयन समिति में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नाम–निर्देशन, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा(अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 7 के अधीन किये गये आदेश के अनुसार किया जायेगा।

(4) चयन समिति उप–नियम (2) में निर्दिष्ट सूचियों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करने के पश्चात् योग्यतानुक्रम में नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों की, जैसा कि उप–नियम (2) के अधीन संकलित गुणवत्ता अंकों से प्रकट हो, विषयवार सूचियां तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर–बराबर गुणवत्ता अंक प्राप्त करें तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को सूची में ऊपर रखा जायेगा। चयन समिति, सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

7–उक्त नियमावली में, नियम 16 में, नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान उप-नियम (1) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उप–नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:– नियम 16 का संशोधन

स्तम्भ–1 विद्यमान उप-नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप-नियम
(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती, समय–समय पर यथा संशोधित, (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) के पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समिति का गठन नियमावली, 1992, के उपबन्धों के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्डों के आधार पर की जायेगी। **टिप्पणी**–चयन समिति में अनूसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़ें वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नाम निर्देशन समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण अधिनियम, 1994 की धारा 7 के अधीन किये गये आदेशों के अनुसार किया जायेगा।	(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्डों के आधार पर की जायेगी। उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिए) नियमावली, 1992 में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी चयन समिति निम्नानुसार गठित की जायेगी:– (एक) नियुक्ति प्राधिकारी – अध्यक्ष (दो) संयुक्त शिक्षा निदेशक (महिला), उत्तर प्रदेश – सदस्य (तीन) संयुक्त शिक्षा निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश – सदस्य **टिप्पणी**–चयन समिति में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नाम निर्देशन समय–समय पर यथा संशोधित

स्तम्भ–1 विद्यमान उप-नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप-नियम
	उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए) आरक्षण अधिनियम, 1994 की धारा 7 के अधीन किये गये आदेश के अनुसार किया जायेगा।

नियम 22 का प्रतिस्थापन

8–उक्त नियमावली में, विद्यमान नियम 22 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

वेतनमान

22–(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2016 के प्रारम्भ के समय वेतनमान निम्नलिखित हैं:–

पद का नाम	वेतनमान		
	वेतन बैण्ड का नाम	तत्सदृश वेतन बैण्ड (रु0)	तत्सदृश ग्रेड वेतन (रु0)
1–प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष शाखा)	वेतन बैंण्ड–2	9300–34800	4600
2–प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (महिला शाखा)	वेतन बैंण्ड–2	9300–34800	4600

नियम 24 का निकाला जाना

9–उक्त नियमावली में, नियम 24 निकाल दिया जायेगा।

परिशिष्ट 'क' का प्रतिस्थापन

10–उक्त नियमावली में, विद्यमान परिशिष्ट 'क' के स्थान पर निम्नलिखित परिशिष्ट रख दी जायेगी, अर्थात्:–

परिशिष्ट 'क'

(नियम 4 देखिये)

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (पुरुष शाखा) की सदस्य संख्या–

पद का नाम	पदों की संख्या		
	स्थायी	अस्थायी	योग
1	2	3	4
सहायक अध्यापक एल0टी0 ग्रेड (पुरुष शाखा)	3376	3451	6827

परिशिष्ट 'ख' का प्रतिस्थापन

11–उक्त नियमावली में, विद्यमान परिशिष्ट 'ख' के स्थान पर निम्नलिखित परिशिष्ट रख दी जायेगी, अर्थात्:–

परिशिष्ट 'ख'

(नियम 4 देखिये)

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा (महिला शाखा) की सदस्य संख्या–

पद का नाम	पदों की संख्या		
	स्थायी	अस्थायी	योग
1	2	3	4
सहायक अध्यापक एल0टी0 श्रेणी (महिला शाखा)	3793	3908	7701

परिशिष्ट 'ग' का निकाला जाना

12–उक्त नियमावली में, विद्यमान परिशिष्ट 'ग' निकाल दी जायेगी।

आज्ञा से,
जितेन्द्र कुमार,
प्रमुख सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1077/XV-2–2016-27(268)-2008, dated October 19, 2016 :

No. 1077/XV-2–2016-27(268)-2008

Dated Lucknow, October 19, 2016

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Subordinate Educational (Trained Graduates Grade) Service Rules, 1983.

